रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7
No. of printed pages : 7

123

423 (IKJ)

# 2024

# समाजशास्त्र (सैद्धान्तिक)

# SOCIOLOGY (Theory)

समय : 3 घण्टे ]
Time : 3 Hours ]

[ पूर्णांक : 80
[ Max. Marks : 80

**निर्देश :**
**Directions :**

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 29 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
There are in all 29 questions in this question paper. All questions are compulsory.

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।
Marks alloted to the questions are mentioned against them.

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।
Read each question carefully and answer to the point.

(iv) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 7 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।
Question No. 1 is multiple choice question. Four options are given in answer of each part of this question. Write correct option in your answer book. Question No. 2 to 7 are definite answer type questions.

(v) प्रश्न संख्या 8 से 17 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए।
Question No. 8 to 17 are to be answered in about 40 words each.

(vi) प्रश्न संख्या 18 से 25 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।
Question No. 18 to 25 are to be answered in about 100 words each.

(vii) प्रश्न संख्या 26 से 28 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।
Question No. 26 to 28 are to be answered in about 250 words each.

(viii) प्रश्न संख्या 29 केस/स्रोत आधारित प्रश्न है। जिसका उत्तर निर्देशानुसार दीजिये।
Question No. 29 is Case/Source based question, to be answered as directed.

(ix) इस प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।
There is no overall choice in this question paper, however, an internal choice has been provided in few questions. Attempt only one of the given choices in such questions.

1. (क) निम्नलिखित में से किसने यह तर्क दिया कि किसी समाज में अति जनसंख्या का सम्बन्ध पूँजीवादी व्यवस्था से है? 1

(i) कार्ल मार्क्स (ii) मैक्स वेबर

(iii) कार्ल मानहीम (iv) माल्थस

Who among the following argued that the problem of overpopulation in a society is releated to the capitalist system?

(i) Karl Marks (ii) Max Weber

(iii) Karl Manheim (iv) Malthus

(ख) प्रवसन करने वाले मजदूरों को 'घुमुक्कड़ मजदूर' (फूटलूज लेबर) की संज्ञा किसने दी? 1

(i) वासवी (ii) रट्टन

(iii) जान ब्रेमन (iv) इनमें से कोई नहीं

Who has given the name 'footloose labour' to the migrant workers?

(i) Vasavi (ii) Rutten

(iii) Jan Breman (iv) None of these

(ग) जो व्यक्ति हमारे प्राथमिक नातेदार के द्वितीय सम्बन्धी होते हैं, उन्हें हम अपना किस तरह का नातेदार कहेंगे? 1

(i) प्राथमिक नातेदार (ii) द्वितीयक नातेदार

(iii) तृतीयक नातेदार (iv) चतुर्थ नातेदार

What kind of relatives will be call those people who are secondary relatives of our primary relatives?

(i) Primary relatives (ii) Secondary relatives

(iii) Third relatives (iv) Fourth relatives

(घ) भारत में जाति पूर्वाग्रहों के विकास का सम्बन्ध निम्नांकित में से किससे है- 1

(i) पवित्रता तथा अपवित्रता में विश्वास (ii) वैदिक कालीन व्यवस्था से

(iii) परम्परागत संस्कृति से (iv) जाति संगठनों से

The development of caste prejudices in India is related to which of the following -

(i) belief in purity and impurity (ii) vedic period system

(iii) traditional culture (iv) caste organization

(ङ) भारत में विविधता के कारण उत्पन्न बड़ी चुनौती/चुनौतियाँ है/हैं- 1

(i) क्षेत्रवाद (ii) साम्प्रदायिकता

(iii) जातीयता की समस्या (iv) ये सभी

The major challenge/s that diversity poses in India is/are-

(i) regionalism (ii) communalism

(iii) problem of casteism (iv) all of these

(च) बारदोली सत्याग्रह (1928) का संबंध है - 1

(i) किसान आन्दोलन से (ii) कामगार आन्दोलन से

(iii) दलित आन्दोलन से (iv) इनमें से किसी से नहीं

Bardoli Satyagraha (1928) is related to –

(i) Peasant movement (ii) Worker's movement

(iii) Dalit movement (iv) None of these

(छ) दूसरा पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्षता की- 1

(i) बी. आर. अम्बेडकर ने (ii) बी. पी. मण्डल ने

(iii) वी. पी. सिंह ने (iv) कल्याण सिंह ने

The second backward class commision was headed by–

(i) B. R. Ambedkar (ii) B. P. Mandal

(iii) V. P. Singh (iv) Kalyan Singh

(ज) ब्रिटिश शासन के दौरान भारत में जमींदारी व्यवस्था का आरम्भ किसके द्वारा किया गया? 1

(i) लॉर्ड कार्नवालिस (ii) लॉर्ड लिटन

(iii) महारानी विक्टोरिया (iv) लॉर्ड माउण्टबेटन

Who started the zamindari system in India during the British rule?

(i) Lord Cornwallis (ii) Lord Lytton

(iii) Queen Victoria (iv) Lord Mountbatten

**निर्देश :** प्रश्न संख्या -1 के अगले दो खण्डों में, दो कथनों को **अभिकथन (A)** तथा **कारण (R)** के रूप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों (i), (ii), (iii) तथा (iv) में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए।

**Directions :** In next two parts of Question No. -1, there are two statements labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R)**. From the following options (i), (ii), (iii) and (iv), select their correct answer.

(i) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

Both A and R are correct and R is the correct explanation of A.

(ii) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

Both A and R are correct but R is not the correct explanation of A.

(iii) A सही है परन्तु R गलत है।

A is correct but R is incorrect.

(iv) A तथा R दोनों गलत हैं।

Both A and R are incorrect.

(झ) **अभिकथन (A) :** जनजातीय समुदायों में सामाजिक स्तरीकरण बहुत कम हुआ है।

**कारण (R) :** अधिकांश जनजातीय समुदाय वनों पर आश्रित थे। 1

**Assertion (A) :** In tribal communities, social stratification is very less.

**Reason (R) :** Most tribal communities were depended on forests.

(ञ) **अभिकथन (A) :** जब समाज सुधारकों ने विधवा पुनर्विवाह का प्रचार किया तो उनका सामाजिक बहिष्कार किया गया।

**कारण (R) :** सामाजिक आन्दोलन आसानी से समाज को नहीं बदल सकते, चूँकि यह संरक्षित हितों तथा मूल्यों दोनों के विरुद्ध होते हैं। 1

**Assertion (A) :** When Social reformers campaigned for widow remarriage, they were socially boycotted.

**Reason (R) :** Social movements cannot change society easily, since it goes against both entrenched interests and values.

2. भारत में परिवार नियोजन मंत्रालय की स्थापना सबसे पहले कब हुई? 1

When was the Ministry of Family Planning first established in India?

3. लैंगिक विषमता का क्या अर्थ है? 1

What dose gender inequality mean?

4. उत्तराखण्ड राज्य का गठन किस वर्ष हुआ? 1

In which year was the Uttarakhand state formed?

5. भारत में अस्पृश्यता का पूर्ण उन्मूलन करने का प्रावधान संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है? 1

In which article of the constitution is the provision for complete abolition of untouchability in India made?

6. 'हदबंदी अधिनियम' किस के सुधार से संबंधित है? 1

'Ceiling Acts' are related to which reform?

7. 'जीवनशैली एवं चिंतन के अलावा भारतीय कला और साहित्य पर भी पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव पड़ा'। यह कथन सत्य है या असत्य? 1

'Apart from ways of life and thinking, the western culture influenced Indian art and literature'. Is this statement true or false?

8. पारिवारिक विघटन को परिभाषित कीजिए। 2

Define family disintegration.

9. पश्चिमी समाज में स्तरीकरण का प्रमुख आधार कौन सा है? 2

What is the main basis of stratification in western society?

10. जाति का पंथनिरपेक्षीकरण क्या है? संक्षेप में समझाइए। 2

What is secularisation of caste? Explain in brief.

11. आर्य समाज की स्थापना किसके द्वारा की गई और क्यों? 2

Who established Arya Samaj and why?

12. राष्ट्रवाद के विकास में राज्य की भूमिका क्या है? 2

What is the role of the state in the development of nationalism?

13. किन अर्थों में नगरीय उच्च जातियों के लिए जाति अपेक्षाकृत 'अदृश्य' हो गई है? 2

In what sense has caste become relatively 'invisible' for the urban upper caste?

14. 'कृषि मजदूरों का महिलाकरण' क्या है? 2

What is 'feminization of agricultural workers'?

15. औद्योगीकरण, नगरीकरण से कैसे संबंधित है? 2

How is industrialisation is linked with urbanisation?

16. भारत के प्रमुख आधुनिक उद्योग किससे सम्बन्धित हैं? 2

What are the major modern industries of India related to?

17. बॉम्बे कपड़ा मिल के कामगार 1982 में हड़ताल पर क्यों गये? 2

Why did the workers of Bombay Textile Mill go on strike in 1982?

18. जनसांख्यिकी क्या है? समझाइए। 3

What is demography? Explain.

19. सामुदायिक पहचान क्या होती है और वह कैसे बनती है? 3

What is community identity and how is it formed?

20. पितृसत्ता किसे कहते हैं? भारत में पितृसत्ता की प्रमुख समस्याएँ कौन सी हैं? 3

What is patriarchy? What are the major problems of patriarchy in India?

21. क्षेत्रवाद क्या होता है? आमतौर पर यह किन कारकों पर आधारित होता है? 3

What is regionalism? What factors is it usually based on?

22. औद्योगीकरण किस प्रकार से आवास समस्या में वृद्धि करता है? 3

How does industrialization increase the housing problem?

23. उपनिवेशवाद का हमारे जीवन पर किस प्रकार प्रभाव पड़ा है? संक्षेप में वर्णन कीजिए। 3

How has colonialism impacted our lives? Discuss in brief.

**अथवा / OR**

भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की अर्थव्यवस्था में नगरों की क्या भूमिका थी? व्यापार के परिप्रेक्ष्य में समझाइए।

What was the role of cities in the economic system of British empire in India? Explain in terms of trade.

24. बेरोजगारी की समस्या किस तरह उदारीकरण का परिणाम है? 3

How is the problem of unemployment a result of liberalisation?

25. श्रमिक आन्दोलन की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 3

Describe the main characteristics of the labour movement.

26. जनसंख्या की 'आयु संरचना' का क्या अर्थ है? आर्थिक विकास और समृद्धि के लिए उसकी क्या प्रासंगिकता है? 5

What is meant by the 'age structure' of the population? Why is it relevant for economic development and growth?

**अथवा / OR**

'निरन्तर बढ़ती जनसंख्या भारत के विकास में बड़ी बाधा है।' इस विषय पर एक लेख लिखिए।

'The continuously increasing population is a major obstacle to India's development'. Write an article on this topic.

27. पर्यावरणीय आन्दोलन प्रायः आर्थिक एवं पहचान के मुद्दों को भी साथ लेकर चलते हैं। विवेचना कीजिए। 5

Environmental movements often also contain economic and identity issues. Discuss.

**अथवा / OR**

कृषक एवं नव किसान आन्दोलनों के मध्य अन्तर बताइए।

Distinguish between peasant and New farmer's movement.

28. कृषक समाज किसे कहते हैं? इसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइए। 5

What is called agrarian society? Explain its main characteristics.

**अथवा / OR**

हरित क्रान्ति क्या है? क्या भारत में हरित क्रान्ति सफल हो सकी है?

What is Green Revolution? Has the Green Revolution been successful in India?

29. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

Read the following passage carefully and answer the question given below--

सामाजिक संसाधनों तक असमान पहुँच की पद्धति ही साधारणतया सामाजिक विषमता कहलाती है। कुछ सामाजिक विषमताएँ व्यक्तियों के बीच स्वाभाविक भिन्नता को प्रतिबिम्बित करती हैं, उदाहरण स्वरूप उनकी योग्यता एवं प्रयास में भिन्नता। कोई व्यक्ति असाधारण बुद्धिमान या प्रतिभावान हो सकता है या यह भी हो सकता है कि उसने समृद्धि और अच्छी स्थिति पाने के लिए कठोर परिश्रम किया हो तथापि सामाजिक विषमता व्यक्तियों के बीच सहज या 'प्राकृतिक' भिन्नता की वजह से नहीं है, बल्कि यह उस समाज द्वारा उत्पन्न की जाती है जिसमें वे रहते हैं। वह व्यवस्था जो एक समाज में लोगों का वर्गीकरण करते हुए एक अधिक्रमित संरचना में उन्हें श्रेणीबद्ध करती है, उसे समाजशास्त्री सामाजिक स्तरीकरण कहते हैं।

Patterns of unequal access to social resources are commonly called social inequality. Some social inequality reflects innate differences between individuals for example, their varying abilities and efforts. Someone may be endowed with exceptional intelligence or talent, or may have worked very hard to achieve their wealth and status. However, by and large, social inequality is not the outcome of innate or 'natural' differences between people, but is produced by the society in which they live. Sociologists use the term social stratification to refer to a system by which categories of people in a society are ranked in a hierarchy.

(क) कोई व्यक्ति समाज में कैसे समृद्धि और अच्छी स्थिति प्राप्त कर सकता है? 2

How can a person achieve prosperity and good position in the society?

(ख) वास्तव में व्यक्तियों के बीच सामाजिक विषमता उत्पन्न करने के लिए क्या उत्तरदायी है? 1

What is actually responsible for creating social inequality among individuals?

(ग) सामाजिक स्तरीकरण किसे कहते हैं? 2

What is social stratification?

*****